प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा द्वारा हर्बल मास्क का निर्माण

पंतनगर। 21 जनवरी 2021। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान के वस्त्र एवं परिधान विभाग में अध्ययनरत पीएचडी, छात्रा श्रीमती सोनू रानी द्वारा तुलसी को प्रयुक्त कर हर्बल मास्क का निर्माण किया गया। श्रीमती रानी ने बताया कि तुलसी एक पौराणिक जड़ी-बूटी है जो वर्षो से अपने धार्मिक एवं औषधीय गुणों के लिए प्रयोग की जाती है साथ ही उन्होंने बताया कि तुलसी में रोगाणुरोधी गुण पाये जाते है जिस कारण तुलसी का मास्क में प्रयोग वायुजनित रोगों से बचाव के लिये हितकारी है। उन्होंने बताया कि इन मास्कों को विभाग में सूती कपड़े और तुलसी के द्वारा तैयार किया गया है। श्रीमती रानी ने कहा कि इस मास्क में प्रयुक्त तुलसी के लिए फ्रेंच बेसिल एवं स्वीट बेसिल का उपयोग भी किया गया है।

श्रीमती सोनू रानी द्वारा 100 हर्बल मास्क बनाकर विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों, गृहणीयों, दुकानदारों, ऑटो चालक एवं कर्मचारियों को वितरित किया गया है।

श्रीमती सोनू रानी।